रजिस्ट्री सं० डी- 222

REGISTERED No. D-222

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 33] नई दिल्ली, शनिवार, अगस्त 12, 1972 (श्रावण 21, 1894)

No. 33] NEW DELHI, SATURDAY, AUGUST 12, 1972 (SRAVANA 21, 1894)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation.

नोटिस

(NOTICE)

नीचे लिखे भारत के असाधारण राजपत्र 24 जनवरी 1972 तक प्रकाशित किये गये हैं :—

The undermentioned *Gazettes of India Extraordinary* were published up to the 24th January 1972 :—

अंक Issue No.	संख्या और तिथि No. and Date	द्वारा जारी किया गया Issued by	विषय Subject
1	2	3	4

शून्य

—NIL—

ऊपर लिखे असाधारण राजपत्रों की प्रतियां प्रकाशन प्रबन्धक, सिविल लाइन्स, दिल्ली के नाम मांग-पत्र भेजने पर भेज दी जाएंगी । मांग-पत्र प्रबन्धक के पास इन राजपत्रों के जारी होने की तिथि से दस दिन के भीतर पहुंच जाने चाहिएं ।

Copies of the *Gazettes Extraordinary* mentioned above will be supplied on indent to the Manager of Publications, Civil Lines, Delhi. Indents should be submitted so as to reach the Manager within ten days of the date of issue of these Gazettes.

विषय-सूची

	पृष्ठ
भाग I—खंड 1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं	825
भाग I—खंड 2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से सम्बन्धित अधिसूचनाएं	1293
भाग I—खंड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं	—
भाग I—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से सम्बन्धित अधिसूचनाएं	1129
भाग II—खंड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम	—
भाग II—खंड 2—विधेयक और विधेयकों संबंधी प्रवर समितियों की रिपोर्ट	—
भाग II—खंड 3—उपखंड (i)—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ-राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारों द्वारा जारी किए गए विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए साधारण नियम (जिनमें साधारण प्रकार के आदेश, उप-नियम आदि सम्मिलित हैं।)	2015
भाग II—खंड 3—उपखंड (ii)—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ-राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारों द्वारा विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए आदेश और अधिसूचनाएं	3051
भाग II—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा अधिसूचित विधिक नियम और आदेश	411
भाग III—खंड 1—महालेखा परीक्षक, संघ लोक-सेवा आयोग, रेल प्रशासन, उच्च न्यायालयों और भारत सरकार के अधीन तथा संलग्न कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	1095
भाग III—खंड 2—एफस्व कार्यालय, कलकत्ता द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं और नोटिस	233
भाग III—खंड 3—मुख्य आयुक्तों द्वारा या उनके प्राधिकार से जारी की गई अधिसूचनाएं	—
भाग III—खंड 4—विधिक निकायों द्वारा जारी की गई विविध अधिसूचनाएं जिनमें अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिसें शामिल हैं	1267
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी संस्थाओं के विज्ञापन तथा नोटिसें	155
पूरक संख्या 33—	
5 अगस्त, 1972 को समाप्त होने वाले सप्ताह की महामारी संबंधी साप्ताहिक रिपोर्ट	1567
15 जुलाई, 1972 को समाप्त होने वाले सप्ताह के दौरान भारत में 30,000 तथा उससे अधिक आबादी के शहरों में जन्म तथा बड़ी बीमारियों से हुई मृत्यु सम्बन्धी आंकड़े	1577

CONTENTS

	PAGE
PART I—SECTION 1.—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	825
PART I—SECTION 2.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	1293
PART I—SECTION 3.—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministry of Defence	—
PART I—SECTION 4.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Officers issued by the Ministry of Defence	1129
PART II—SECTION 1.—Acts, Ordinances and Regulations	—
PART II—SECTION 2.—Bills and Reports of Select Committees on Bills	—
PART II—SECTION 3.—SUB.-SEC. (i)—General Statutory Rules (including orders, bye-laws etc. of general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories).	2015
PART II—SECTION 3.—SUB.SEC. (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories)	3051
PART II—SECTION 4.—Statutory Rules and Orders notified by the Ministry of Defence	411
PART III—SECTION 1.—Notifications issued by the Auditor General, Union Public Service Commission, Railway Administration, High Courts and the Attached and Subordinate Offices of the Government of India	1095
PART III—SECTION 2.—Notifications and Notices issued by the Patent Offices, Calcutta	233
PART III—SECTION 3.—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	—
PART III—SECTION 4.—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	1267
PART IV—Advertisements and Notices by Private Individuals and Private Bodies	155
SUPPLEMENT NO. 33—	
Weekly Epidemiological Reports for week-ending 5th August 1972	156
Births and Deaths from Principal diseases in towns with a population of 30,000 and over in India during week ending 15th July, 1972	1577

भाग I—खण्ड 1
(PART I—SECTION 1)

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं

Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court

---

मंत्रिमण्डल सचिवालय

(कार्मिक विभाग)

नई दिल्ली-1, दिनांक 12 अगस्त 1972

सं० 5/30/72-सी० एस०-1—अधिसूचना संख्या 5/30/72-सी० एस० (1) दिनांक 1-7-72 के द्वारा भारत के राजपत्र, दिनांक 9 जुलाई, 1972 में प्रकाशित अनुभाग अधिकारी ग्रेड की सीमित विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा, 1973 की नियमावली में, नियमावली के नियम 4(2) (क) के स्थान पर निम्नलिखित नियम पढ़िए, अर्थात् :—

"4(2) (क) आयु—उसकी आयु 45 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए, अर्थात् उसका जन्म पहली जुलाई, 1927 के पहले न हुआ हो ।

नियम

सं० 10/10/72-सी० एस०-2—संघ लोक सेवा आयोग द्वारा 1973 में निम्नलिखित सेवाओं/पदों में अस्थाई रिक्तियों में नियुक्ति के लिये ली जाने वाली प्रतियोगिता परीक्षा के नियम जन-साधारण की सूचना के लिये प्रकाशित किये जाते हैं :—

(i) भारतीय विदेश सेवा (ख) आशुलिपिकों के उप-संवर्ग का ग्रेड-II)

(ii) रेलवे बोर्ड सचिवालय आशुलिपिक सेवा-ग्रेड-II (ग्रेड की चयन सूची में सम्मिलित करने के लिये) ।

(iii) केंद्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा-ग्रेड-II (ग्रेड की चयन-सूची में सम्मिलित करने के लिये) ।

(iv) सशस्त्र सेना मुख्यालय आशुलिपिक सेवा-ग्रेड-II ।

(v) केंद्रीय सतर्कता आयोग दिल्ली के कार्यालय में आशुलिपिकों के पद ।

(vi) भारतीय विदेश सेवा (ख) । रेलवे बोर्ड सचिवालय आशुलिपिक सेवा/केंद्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा/सशस्त्र सेना मुख्यालय आशुलिपिक सेवा में भाग न लेने वाले भारत सरकार के अन्य विभागों तथा संबद्ध कार्यालयों में आशुलिपिकों के पद ।

उपर्युक्त सेवाओं/पदों में से किसी एक या एक से अधिक से संबंधित परीक्षा में प्रवेश के लिये कोई उम्मीदवार आवेदन कर सकता है । इन सेवाओं/पदों में से जितनों के लिये भी वह उम्मीदवार चाहे अपने आवेदन-पत्र में उनका निर्देश कर सकता है ।

टिप्पणी—1 : उम्मीदवारों को चाहिये, कि वे जिन सेवाओं/पदों के लिये प्रतियोगिता करना चाहते है, उनकी वरीयता के क्रम को स्पष्ट रूप से लिख दें । उम्मीदवार द्वारा प्रारंभ में अपने आवेदन-पत्र में निर्दिष्ट सेवाओं/पदों के वरीयता क्रम में परिवर्तन करने की किसी भी ऐसी प्रार्थना पर विचार नही किया जायेगा जो संघ लोक सेवा आयोग के कार्यों में 31 अक्टूबर, 1973 को या उसम पहले न मिल जाये ।

टिप्पणी—2 : इस परीक्षा के आधार पर भर्ती करने वाले भारत सरकार के कुछ विभागों/कार्यालयों को केवल अंग्रेजी के आशुलिपिकों की आवश्यकता होगी, और इस परीक्षा के परिणामों के आधार पर इन विभागों/कार्यालयों में आशुलिपिकों के पदों पर नियुक्तियां केवल उन व्यक्तियों में से की जायेंगी जिनकी अंग्रेजी में लिखित परीक्षा तथा आशुलिपि परीक्षाओं के आधार पर आयोग द्वारा सिफारिश की जायेगी (नियमों के परिशिष्ट 1 के पैरा 3 के संदर्भ में) ।

2. संघ लोक सेवा आयोग द्वारा इस परीक्षा का संचालन इन नियमों के परिशिष्ट 1 में विहित विधि से किया जायेगा परीक्षा की तारीखें और स्थान आयोग द्वारा निश्चित किये जायेंगे ।

3. (1) यह आवश्यक है कि उम्मीदवार या तो

(क) भारत का नागरिक हो, या

(ख) सिक्किम की प्रजा, या

(ग) नैपाल की प्रजा, या

(घ) भूटान की प्रजा, या

(ङ) ऐसा तिब्बती शरणार्थी हो जो भारत में स्थायी रूप से बसने की इच्छा से पहली जनवरी, 1962 से पूर्व भारत आ गया हो, या

(च) भारतीय मूल का ऐसा व्यक्ति हो जो भारत में स्थायी रूप से बसने की इच्छा से पाकिस्तान, बर्मा, लंका और कैन्या, उगांडा तथा संयुक्त गणराज्य तंजानिया (भूतपूर्व टंगानीका और जंजीबार) इन पूर्वी अफ्रीकी देशों से प्रव्रजित हुआ हो ।

परन्तु ऊपर की (ग), (घ), (ङ) और (च) श्रेणियों से संबंधित उम्मीदवारों के पास भारत सरकार द्वारा उनके नाम दिया गया पात्रता का प्रमाण-पत्र होना चाहिये ।

परन्तु उन उम्मीदवारों के संबंध में पात्रता का प्रमाण-पत्र आवश्यक नहीं होगा जो ऊपर की (घ) श्रेणी के ऐसे गैर-नागरिक हैं, जो संविधान लागू होने की तारीख अर्थात 26 जनवरी, 1950 से पहले भारत सरकार की सेवा में आये थे और तब से लगातार उस सेवा में काम कर रहे हैं । परन्तु किसी ऐसे व्यक्ति के लिये जो सेवा भंग करके 26 जनवरी, 1950 के बाद, उस सेवा में फिर से आया हो या फिर से जाये, औरों की तरह ही उसे भी पात्रता-प्रमाण पत्र लेना आवश्यक होगा ।

परन्तु यह और कि उपर्युक्त (ग), (घ) और (ङ) के वर्गों के उम्मीदवार भारतीय विदेश सेवा (ख)—(आशुलिपिकों के उप-संवर्ग का ग्रेड-II) में नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होंगे ।

(2) किसी उम्मीदवार को, जिसके मामले में पात्रता-प्रमाण-पत्र आवश्यक है, यदि सरकार आवश्यक प्रमाण-पत्र दे दे तो, उसे परीक्षा में बैठने दिया जा सकता है और अंतिम रूप से उसकी नियुक्ति भी की जा सकती है ।

4. जो उम्मीदवार किसी अनुसूचित जाति या अनुसूचित आदिम जाति का न हो, या संघ राज्य क्षेत्र पांडिचेरी का या संघ राज्य क्षेत्र गोवा, दमन और दियू का निवासी न हो, या कैन्या, उगांडा और संयुक्त गणराज्य तंजानिया (भूतपूर्व टांगनिका और जंजीबार) से प्रव्रजन करके न आया हो वह परीक्षा में दो बार से अधिक प्रतियोगिता नहीं कर सकेगा, किंतु यह प्रतिबंध सन् 1962 में हुई परीक्षा से लागू होगा ।

टिप्पणी—1 : यदि कोई उम्मीदवार एक या अधिक सेवाओं/पदों के लिये प्रतियोगिता दें तो, इस नियम के प्रयोजन के लिये उस उम्मीदवार को परीक्षा के अन्तर्गत आने वाली सभी सेवाओं/पदों के लिये एक बार प्रतियोगिता परीक्षा में बैठा माना जायेगा ।

टिप्पणी—2: किसी उम्मीदवार को प्रतियोगिता परीक्षा में बैठा हुआ तब माना जायेगा जब वह वास्तव में किसी एक या अधिक विषयों की परीक्षी में बैठा हो ।

5-(क) इस परीक्षा में बैठने के लिये यह जरूरी है कि उम्मीदवार की आयु 1 जनवरी, 1973 को पूरे 18 वर्ष हो गई हो किंतु उसकी आयु पूरे 25 वर्ष न हुई हो, अर्थात उसका जन्म 2 जनवरी, 1948 से पहले और 1 जनवरी, 1955 के बाद न हुआ हो ।

(ख) उन व्यक्तियों के संबंध में ऊपरी आयु सीमा 35 वर्ष की आयु तक छूट दी जा सकती है जो, संघ राज्य क्षेत्रों, प्रशासनों अथवा निर्वाचन आयोग तथा केंद्रीय सतर्कता आयोग के अधीन व्यक्तियों सहित, भारत सरकार के विभिन्न विभागों/कार्यालयों में आशुलिपिकों (जिनमें भाषा आशुलिपिक भी शामिल है), लिपिकों (आशु टंककों) के पदों पर नियमित रूप से नियुक्त हैं और 1 जनवरी, 1973 को जिन्होंने आशुलिपिक (भाषा आशुलिपिक समेत)/लिपिकों/आशुटंककों के रूप में कम से कम तीन वर्ष निरन्तर सेवा की है, तथा उक्त पदों पर अभी तक काम कर रहे हैं ।

परन्तु उपर्युक्त आयु संबंध छूट उन व्यक्तियों को नहीं दी जायगी जो संघ लोक सेवा आयोग द्वारा पहले ली गई परीक्षाओं के आधार पर निम्नलिखित में से किसी में आशुलिपिक के रूप में नियुक्त किये जा चुके हैं ।

(i) केंद्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा ग्रेड-II, या

(ii) रेलवे बोर्ड सचिवालय आशुलिपिक सेवा ग्रेड-II, या

(iii) भारतीय विदेश सेवा (ख) (आशुलिपिकों के उपसंवर्ग का ग्रेड II), या

(iv) सशस्त्र सेना मुख्यालय आशुलिपिक सेवा-ग्रेड-II

टिप्पणी—1 : डाक व तार विभाग के अधीनस्थ कार्यालयों में नियुक्त रेल-डाक छंटाई कारों की सेवा उपर्युक्त नियम 5(ख) के प्रयोजन के लिये लिपिक के ग्रेड में की गई सेवा मानी जायगी ।

टिप्पणी—2 : रक्षा प्रतिष्ठानों में नियुक्त सेवा लिपिकों द्वारा की गई सेवा उपर्युक्त नियम 5(ख) के प्रयोजन के लिये नहीं गिनी जायगी ।

(ग) ऊपर के सभी मामलों में ऊपरी आयु सीमा में निम्नलिखित और भी छूट दी जायगी :—

(i) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति या अनुसूचित आदिम जाति का हो तो अधिक से अधिक 5 वर्ष तक,

(ii) यदि उम्मीदवार भूतपूर्व पूर्वी पाकिस्तान से आया हुआ वास्तविक विस्थापित व्यक्ति हो और 1 जनवरी, 1964 को या उसके बाद परन्तु 25 मार्च, 1971 के पहले प्रव्रजन करके भारत आया हो, तो अधिक से अधिक तीन वर्ष तक,

(iii) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति या अनुसूचित आदिम जाति का हो तथा भूतपूर्व पूर्वी पाकिस्तान से आया हुआ वास्तविक विस्थापित व्यक्ति हो और 1 जनवरी, 1964 को या उसके बाद परन्तु 25 मार्च, 1971 के पहले प्रव्रजन कर भारत आया हो तो अधिक से अधिक 8 वर्ष तक;

(iv) यदि उम्मीदवार संघ राज्य क्षेत्र पांडिचेरी का निवासी हो और किसी स्तर पर उसकी शिक्षा फ्रेंच भाषा के माध्यम से हुई हो तो अधिक से अधिक 5 वर्ष तक,

(v) यदि उम्मीदवार श्रीलंका से आया हुआ वास्तविक प्रत्यावर्तित भारतीय मूल का व्यक्ति हो और अक्टूबर 1964 के भारत लंका समझौते के अधीन पहली नवम्बर, 1964 को या उसके बाद में लंका से भारत में प्रव्रजित हुआ हो, तो अधिकतम तीन वर्ष तक,

(vi) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति या अनुसूचित आदिम जाति से संबंधित हो तथा श्रीलंका से आया हुआ वास्तविक प्रत्यावर्तित भारतीय मूल का व्यक्ति हो और अक्टूबर, 1964 से भारत लंका समझौते की अधीन पहली नवम्बर, 1964 को या उसके बाद श्रीलंका से भारत में प्रव्रजित हुआ हो तो अधिकतम आठ वर्ष तक,

(vii) यदि उम्मीदवार संघ राज्य क्षेत्र गोवा, दमन और दियु का निवासी हो तो अधिक से अधिक तीन वर्ष तक,

(viii) यदि उम्मीदवार भारतीय मूल का हो और कैन्या उगांडा और संयुक्त गणराज्य तंजानिया (भूतपूर्व टांगनिका और जंजीबार) से प्रव्रजित हो तो अधिकतम 3 वर्ष तक ।

(ix) यदि उम्मीदवार बर्मा से आया हुआ वास्तविक प्रत्यावर्तित भारतीय मूल का व्यक्ति हो और पहली जून, 1963 को या उसके बाद भारत में प्रव्रजित हुआ हो, तो अधिक से अधिक तीन वर्ष तक,

(x) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति या अनुसूचित आदिम जाति से संबंधित हो और बर्मा से आया हुआ वास्तविक प्रत्यावर्तित भारतीय मूल का व्यक्ति हो तथा पहली जून, 1963 को या उसके बाद भारत में प्रव्रजित हुआ हो, तो अधिकतम आठ वर्ष तक,

(xi) किसी दूसरे देश से झगड़ों के दौरान अथवा उपद्रवग्रस्त इलाकों में फौजी कार्यवाहियां करते समय विकलांग हुए तथा उसके परिणामस्वरूप नौकरी से निर्मुक्त हुए रक्षा-सेवा-कार्मिकों के मामले में अधिकतम तीन वर्ष,

(xii) किसी दूसरे देश से झगड़ों के दौरान अथवा उपद्रवग्रस्त इलाकों में फौजी कार्यवाहियां करते समय विकलांग हुए तथा उसके परिणामस्वरूप नौकरी से ऐसे रक्षा-सेवा-कार्मिकों के मामलों में, जो अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों से संबंधित हों, अधिकतम 8 वर्ष तक ।

(घ) उन स्वाधीनता सेनानियों को परीक्षाओं में बैठने की अनुमति दी जायेगी जो (i) गोआ दमन दीव की पुर्तगाली सरकार के कर्मचारी नहीं थे और (ii) उन्होंने मुक्ति संघर्ष में भाग लिया जिसके फलस्वरुप उन्हें पुर्तगाली प्रशासन के अधीन छः मास या अधिक समय तक कारावास अथवा हवालात में रहना पड़ा था । किन्तु शर्त यह है कि उनकी आयु 1-1-1972 को 35 वर्ष की न हुई हो ।

टिप्पणी :—यह आयु सीमा रिआयत उन प्रत्याशियों को नहीं मिलेगी जो कि नियम 5(घ) के लिखे गये आयु सीमा रिआयतों के भागी हों ।

ऊपर बताई गई स्थितियों के अलावा ऊपर निर्धारित आयु सीमाओं में किसी भी हालत में छूट नहीं दी जा सकेगी ।

ध्यान दें :—(i) यदि किसी उम्मीदवार को उपर्युक्त नियम 5 (ख) में उल्लिखित आयु संबंधी रिआयतों के अन्तर्गत परीक्षा म बैठने दिया गया हो और यदि वह आवेदन पत्र देने के बाद परीक्षा में बैठने से पहले या बाद में, नौकरी से त्याग पत्र दे दे या उसके विभाग द्वारा उसकी सेवायें समाप्त कर दी जायें तो उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जायेगी । लेकिन यदि आवेदन-पत्र प्रस्तुत करने के बाद सेवा या पद से उसकी छंटनी हो जाय तो वह पात्र बना रहेगा ।

(ii) किसी आशुलिपिक (भाषा आशुलिपिक समेत)/लिपिक/आशुटंकक को जो सक्षम अधिकारी के अनुमोदन से किसी बाह्य पद (एक्स-केडर पोस्ट), पर प्रतिनियुक्त हो उस परीक्षा में बैठने दिया जायगा, यदि वह अन्यथा पात्र हो ।

6. यह आवश्यक है कि उम्मीदवारों ने नीचे लिखी परीक्षाओं में से कोई एक पास की हो और उसके पास निम्नलिखित में से कोई एक प्रमाण-पत्र हो :

(i) भारत के केंद्रीय या राज्य विधान मंडल के किसी अधिनियम द्वारा निगमित किसी विश्वविद्यालय की मैट्रिक परीक्षा,

(ii) किसी राज्य के शिक्षा बोर्ड द्वारा माध्यमिक स्कूल कोर्स के अंत में स्कूल लीविंग माध्यमिक स्कूल, हाई स्कूल या ऐसे किसी और प्रमाण-पत्र को जिसे यह राज्य सरकार की नौकरी में प्रवेश के लिये मैट्रिक के प्रमाण-पत्र के समकक्ष मानती हो, ली गई परीक्षा,

(iii) कैम्ब्रिज स्कूल प्रमाण-पत्र परीक्षा/सीनियर कैम्ब्रज,

(iv) राज्य सरकारों द्वारा ली गई यूरोपीय हाई स्कूल परीक्षा,

(v) श्री अरविंद अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा केंद्रीय, पांडिचेरी के उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम की दसवीं कक्षा का प्रमाण-पत्र,

(vi) दिल्ली पोलोटेकनीक के तकनीकी हायर सेकेंडरी स्कूल की दसवीं कक्षा का प्रमाण-पत्र ।

(vii) मान्यता प्राप्त हायर सेकेंडरी स्कूल/मल्टीपरपज स्कूल द्वारा हायर सेकेंडरी पाठ्यक्रम/मल्टीपरपज पाठ्यक्रम (जो किसी उम्मीदवार को 3 वर्ष के डिग्री कोर्स में प्रवेश के लिये योग्य बनाता है) के उपान्तिम वर्ष के अन्त में ली गई परीक्षा में ऊत्तीर्ण,

(viii) मान्यताप्राप्त उस स्कूल की दसवीं कक्षा का प्रमाण-पत्र जो इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा के लिये छात्रों को तैयार करता है ।

(ix) जामिया मिलया इस्लामिया, दिल्ली को जूनियर परीक्षा, केवल जामिया के वास्तविक आवासी छात्रों के लिये,

(x) बंगाल (विज्ञान) स्कूल सर्टिफिकेट,

(xi) राष्ट्रीय शिक्षा परिषद्/नेशनल काउन्सिल आफ एजूकेशन/जादवपुर, पश्चिमी बंगाल को फाइनल स्कूल स्टेंडर्ड परीक्षा (आरंभ से लेकर),

(xii) पांडिचेरी की नीचे लिखी फ्रेंच परीक्षायें, (i) ब्रीवे एलिमेंतेयर (ii) ब्रीवे दे "एसीमा" प्रीमियर द लेंग्वेज इंडियेन (iii) ब्रीवेद एत्यूद द्यु प्रीमियर सीक (iv) ब्रीवे द एसीमा प्रीमियर सुपीरियेर द लांग इदियेन और (v) ब्रीवे द लांग इंदियेन (वर्नाकूलर),

(xiii) इंडियन आर्मी स्पेशल सार्टिफिकेट आफ एजूकेशन,

(xiv) भारतीय नौसेना का हायर एजुकेशनल टैस्ट,

(xv) एडवांस्ड क्लास (भारतीय नौसेना) परीक्षा,

(xvi) सीलोन सीनियर स्कूल सार्टिफिकेट परीक्षा,

(xvii) ईस्ट बंगाल सेकेंडरी एजुकेशन बोर्ड, ढाका द्वारा दिया गया प्रमाण-पत्र ।

(xviii) माध्यमिक शिक्षा बोर्ड कोमीला/राजशाही/खुलना (भूतपूर्व पूर्वी पाकिस्तान) द्वारा दिये जाने वाले माध्यमिक स्कूल प्रमाण-पत्र

(xix) नेपाल सरकार की स्कूल लीविंग सार्टिफिकेट परीक्षा,

(xx) एंग्लोवर्नाकूलर स्कूल लीविंग सार्टिफिकेट बर्मा,

(xxi) बर्मा हाई स्कूल फाइनल एग्जामिनेशन सार्टिफिकेट,

(xxii) शिक्षा विभाग बर्मा (युद्ध पूर्व) की ए० ग्लोवर्नाकूलर हाई स्कूल परीक्षा,

(xxiii) बर्मा का पोस्ट वार स्कूल लीविंग सार्टिफिकेट,

(xxiv) गुजरात विद्यापीठ अहमदाबाद को "विजीत" परीक्षा,

(xxv) गोआ दमन और दियू की पुर्तगाली योग्यता लाइसियुम के पांचवें वर्ष में पास,

(xxvi) "सामान्य" स्तर पर श्री लंका की जनरल सार्टिफिकेट आफ ऐजूकेशन नामक परीक्षा, यदि वह अंग्रेजी तथा गणित और सिंहली या तमिल समिति छः विषयों में पास की गई हो ।

(xxvii) सामान्य स्तर पर लंदन के एसोशियेटेड एंग्जामिनेशन बोर्ड की जनरल सार्टिफिकेट आफ एजूकेशन परीक्षा, यदि वह अंग्रेजी सहित पांच विषयों में पास की गई हो ।

(xxviii) किसी राज्य तकनीकी शिक्षा बोर्ड द्वारा ली गई जूनियर सेकेंड्री तकनीकी स्कूल परीक्षा,

(xxix) पूर्व मध्यमा (अंग्रेजी सहित) या पुरानी खंड माध्यमा (प्रथम दो वर्ष का पाठ्यक्रम) और वाराणसेय संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी के विषयों में अंग्रेजी सहित अतिरिक्त विषयों में विशिष्ट परीक्षा ।

(xxx) गोआ, दमन और दियू की मुक्ति के पहले पुर्तगाली व्यवस्था के अधीन ऐसकोला इंडस्ट्रियल कामर्सियल डि गोआ, पणजी द्वारा प्रदत्त कार्टा डि कर्सो डि सिरालहीइरो (स्मिथि पाठ्यक्रम का प्रमाण-पत्र) और काटी डि कर्सो डि मान्टाडोर ऐलेक्ट्रीसिस्टा (बिजली-मिस्तरी के पाठ्यक्रम का प्रमाण-पत्र) ।

टिप्पणी—1 : यदि कोई उम्मीदवार ऐसी परीक्षा, जिसमें उतीर्ण होने पर वह इस परीक्षा में बैठ सकता है, दे चुका हो, लेकिन उसके परिणाम की सूचना उसे नहीं मिली हो तो ऐसी स्थिति में वह इस परीक्षा में बैठने के लिये आवेदन-पत्र भेज सकता है । जो उम्मीदवार ऐसी किसी अर्हक (क्वालिफाइंग) परीक्षा में बैठना चाहता हो, वह भी आवेदन पत्र दे सकता है बशर्ते कि वह अर्हक परीक्षा इस परीक्षा के शुरु होने से पहले पूरी हो जाए । ऐसे उम्मीदवारों को यदि वे अन्य शर्तें पूरी करते हों, परीक्षा में बैठने दिया जाएगा, किंतु परीक्षा में बैठने की अनुमति अनन्तिम होगी और यदि वे उक्त परीक्षा पास करने का प्रमाण पत्र जल्दी से जल्दी और हर हालत में इस परीक्षा शुरू होने की तारीख से अधिक से अधिक दो महीने के अन्दर प्रस्तुत नही करते तो यह अनुमति रद्द कर दी जाएगी ।

टिप्पणी—2 : किन्हीं आपवादिक मामलों में, किसी ऐसे उम्मीदवार को जिसके पास इस नियम में निर्धारित कोई भी अर्हता नहीं है संघ लोक सेवा आयोग शिक्षा की दृष्टि से अर्हता-प्राप्त उम्मीदवार मान सकता है, बशर्ते कि उसके पास ऐसी योग्यताएं हों जिनका स्तर, आयोग की राय में, परीक्षा में प्रवेश के लिए न्यायोचित है ।

7. जिस व्यक्ति ने—

(क) ऐसे व्यक्ति से विवाह या विवाह अनुबन्ध किया है जिसका जीवित पति /पत्नी पहले से है या

(ख) जीवित पति/पत्नी के रहते हुए, किसी व्यक्ति से विवाह या विवाह अनुबन्ध किया है, तो वह सेवा में नियुक्ति के लिए पात्र नहीं माना जाएगा। परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार इस बात से संतुष्ट हो जाए कि ऐसा विवाह, ऐसे व्यक्ति तथा विवाह सूत्र के दूसरे पक्ष पर लागू होने वाले वैयक्तिक कानून के अधीन स्वीकार्य है और ऐसा करने के अन्य कारण भी हैं, तो वह किसी भी व्यक्ति को इस नियम से छूट दे सकती है ।

8. जो उम्मीदवार स्थायी या अस्थायी हैसियत में पहले से ही सरकारी सेवा कर रहा हो, उसे इस परीक्षा में बैठने के लिए अपने विभाग-अध्यक्ष की अनुमति अवश्य ले लेनी चाहिए ।

9. उम्मीदवार को मानसिक और शारीरिक दृष्टि से स्वस्थ होना चाहिए और उसमें कोई ऐसा शारीरिक दोष नहीं होना चाहिए जो संबंधित सेवा/पद के अधिकारी के रूप में अपने कर्तव्यों को कुशलतापूर्वक निभाने में बाधक हो। यदि सक्षम अधिकारी द्वारा विहित डाक्टरी परीक्षा के बाद किसी उम्मीदवार के बारे में यह ज्ञात हुआ कि वह इन शर्तों को पूरा नहीं कर सका है तो उसकी नियुक्ति नहीं की जाएगी । केवल उन्ही उम्मीदवारों की डाक्टरी परीक्षा की जाएगी जिन पर नियुक्ति के सम्बन्ध में विचार किए जाने की संभावना हो ।

टिप्पणी— विकलांग भूतपूर्व रक्षा सेवा कार्मिकों के संबंध में रक्षा सेवा के डीमोबीलाइजेशन में मैडिकल बोर्ड द्वारा दिया गया स्वस्थ्यता प्रमाण-पत्र नियुक्ति के लिए पर्याप्त समझा जाएगा ।

10. परीक्षा में बैठने के लिए उम्मीदवार की पात्रता या अपात्रता के बारे में आयोग का निर्णय अंतिम होगा ।

11. किसी उम्मीदवार को परीक्षा में तब तक नहीं बैठने दिया जाएगा जब तक उसके पास आयोग का प्रवेश पत्र/सार्टिफिकेट आफ एडमिशन न हो ।

12. उम्मीदवारों को आयोग की विज्ञप्ति के अनुबन्ध में विहित फीस देनी होगी ।

13. यदि कोई उम्मीदवार किसी प्रकार से अपनी उम्मीदवारी के लिए समर्थन प्राप्त करने की कोई कोशिश करेगा तो वह परीक्षा में बैठने के लिए अनर्ह घोषित किया जा सकेगा ।

14. यदि कोई उम्मीदवार आयोग द्वारा इस बात के लिए दोषी घोषित किया जाए या कर दिया गया हो कि उसने किसी दूसरे व्यक्ति से अपनी परीक्षा दिलवाई है या जाली प्रमाण पत्र आदि पेश किए गए हैं या ऐसे प्रमाण पत्र पेश किए हैं जिसमें कोई हेराफेरी की गई है या गलत या झूठे वक्तव्य दिए हैं या कोई महत्वपूर्ण तथ्य छिपाया है या परीक्षा में प्रवेश प्राप्त करने के लिए किसी और अनियमित या अनुपयुक्त तरीके से काम लिया है या परीक्षा भवन में अनुचित तरीकों से काम लिया है या काम लेने की कोशिश की है या परीक्षा भवन में कोई अनुचित आचरण किया है तो उस पर आपराधिक अभियोग (क्रिमिनल प्रोसीक्यूशन) चलाया जा सकता है और साथ ही :

(क) आयोग उसे हमेशा के लिए या किसी विशेष अवधि के लिए :

(i) आयोग उम्मीदवारों के चुनाव के लिए उसके द्वारा ली जाने वाली किसी परीक्षा या इन्टरव्यू में शामिल होने से रोक सकता है, और

(ii) केन्द्रीय सरकार, अपने अधीन नियुक्त होने से रोक सकती है,

(ख) यदि वह पहले से ही सरकारी सेवा में नियुक्त हो तो उसके खिलाफ उपयुक्त नियमों के अन्तर्गत अनुशासनिक कार्यवाही की जा सकती है।

15. अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों के उम्मीदवारों के लिए पद भारत सरकार द्वारा निश्चित रिक्तियों को देखते हुए आरक्षित रखे जाएंगे।

अनुसूचित जातियों/अनुसूचित आदिम जातियों का अर्थ है, संविधान (अनुसूचित जातियां) आदेश, 1950, संविधान (अनु० जातियां) (भाग ग राज्य) आदेश, 1951 तथा संविधान (अनुसू० आदिम जातियां) (भाग ग राज्य) आदेश, 1951, बम्बई पुनर्गठन अतिनियम, 1960 तथा पंजाब पुनर्गठन अधिनियम, 1966 के साथ पठित यथा संशोधित अनुसूचित जातियां तथा अनुसूचित आदिम जातियों की अनुसूचियों (संशोधन) आदेश 1956, संविधान (जम्मू व काश्मीर) अनुसूचित जाति आदेश, 1956 संविधान (अंडमान तथा निकोबार द्वीप समूह) अनुसूचित आदिम जाति आदेश, 1959, संविधान (दादरा और नगर हवेली) अनुसूचित जाति आदेश, 1962, संविधान (दादरा और नगर हवेली) अनुसूचित आदिम जाति आदेश, 1962 संविधान (पांडिचेरी) अनुसूचित जाति आदेश, 1964 संविधान अनुसूचित आदिम जाति (उत्तर प्रदेश) आदेश, 1967, संविधान (गोआ, दमन और दीव) अनुसूचित आदिम जाति आदेश, 1968 तथा संविधान (नागालैन्ड) अनुसूचित आदिम जाति आदेश, 1970 में उल्लिखित कोई जाति/आदिम जाति।

16. परीक्षा के पश्चात् प्रत्येक उम्मीदवार द्वारा अंतिम रूप से प्राप्त कुल अंकों के आधार पर आयोग द्वारा उनकी योग्यता-क्रम से सूची बनाई जाएगी और उस क्रम के अनुसार आयोग उस परीक्षा में जितने उम्मीदवारों को सफलता-प्राप्त समझेगा, उनके नाम अपेक्षित संख्या तक केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा और रेलवे बोर्ड सचिवालय आशुलिपिक के ग्रेड II की चयन सूची में सम्मिलित करने के लिए और इस परीक्षा के परिणामों के आधार पर भरे जाने वाले अन्य सेवाओं/पदों में अनारक्षित रिक्तियों में नियुक्ति के लिए अपेक्षित संख्या तक के नामों की सिफारिश की जाएगी।

परन्तु यदि अनुसूचित जातियों और अनुसूचित आदिम जातियों के उम्मीदवार इन जातियों के लिए आरक्षित रिक्त स्थानों की संख्या तक सामान्य स्तर से नहीं भरे जा सकते तो केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा/रेलवे बोर्ड सचिवालय आशुलिपिक सेवा के ग्रेड-II की चयन सूची में सम्मिलित करने के लिए और आरक्षित कोटा में कमी पूरी करने के लिए स्तर में प्रदत्त छूट के अनुसार इस परीक्षा में उनके योग्यता क्रम में स्थान निरपेक्ष अन्य सेवाओं/पदों के रिक्त स्थानों की नियुक्ति के लिए उपयुक्त होने पर, आयोग द्वारा उन के नाम सिफारिश किए जा सकते हैं।

17. आवेदन पत्र भेजते समय विभिन्न सेवाओं/पदों के लिए उम्मीदवार द्वारा दी गई प्राथमिकताओं की परीक्षा के परिणामों के आधार पर नियुक्तियां करते समय समुचित रूप से ध्यान में रखा जाएगा।

18. हर एक उम्मीदवार को परीक्षा-फल की सूचना किस रूप में तथा किस प्रकार दी जाए ; इसका निर्णय आयोग अपने विवेकानुसार करेगा और आयोग परिणामों के बार में उनसे कोई पत्र व्यवहार नहीं करेगा।

19. परीक्षा में पास हो जाने मात्र से ही नियुक्ति का अधिकार नहीं मिल जाता। इसके लिए आवश्यक है कि सरकार आवश्यकतानुसार जांच करके इस बात से संतुष्ट हो जाए कि उम्मीदवार इस सेवा/पद पर नियुक्ति के लिए हर प्रकार से उपयुक्त है।

20. उन सेवाओं/पदों के बारे में, जिनके लिए इस परीक्षा द्वारा भर्ती की जा रही है, संक्षिप्त ब्यौरा परिशिष्ट II में दिया गया है।

एम० के० वासुदेवन, अवर सचिव

परिशिष्ट—1

1. परीक्षा के विषय, तथा प्रत्येक विषय के लिए दिया गया समय तथा पूर्णांक इस प्रकार होंगे :—

भाग क—लिखित परीक्षा

विषय	दिया गया समय	पूर्णांक
1. अंग्रेजी . . .	3 घन्टे	100
2. सामान्य ज्ञान . .	3 घन्टे	100

भाग ख—हिन्दी या अंग्रेजी आशुलिपि परीक्षा (लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण होने वालों के लिए) . . . . 300 अंक

टिप्पणी :—उम्मीदवारों को अपने आशुलिपि-नोट टंकण मशीन पर लिप्यन्तर करने होंगे, और इस प्रयोजन के लिए उन्हें अपनी टंकण मशीन लानी होगी।

2. लिखित परीक्षा के लिए पाठ्य विवरण तथा आशुलिपि की परीक्षाओं की योजना इस परिशिष्ट की संलग्न अनुसूची में दिए गए अनुसार होगी।

3. उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा के सामान्य ज्ञान के प्रश्न पत्र II का उत्तर हिन्दी (देवनागरी) या अंग्रेजी में लिखने की छूट है। यह छूट पूर्ण प्रश्न पत्र के लिए लागू होगी न कि उसके किसी भाग के लिए।

जो उम्मीदवार पूर्वोक्त प्रश्नपत्र हिन्दी (देवनागरी) में लिखने का विकल्प करेंगे उन्हें आशुलिपि की परीक्षा भी केवल हिन्दी (देवनागरी) में देनी होगी, और जो उम्मीदवार पूर्वोक्त प्रश्न पत्र अंग्रेजी में लिखने का विकल्प करेंगे उन्हें आशुलिपि की परीक्षा भी केवल अंग्रेजी में देनी होगी।

टिप्पणी 1 :—जो उम्मीदवार लिखित परीक्षा में सामान्य ज्ञान के प्रश्न पत्र (II) का उत्तर तथा आशुलिपि की परीक्षा हिन्दी में देने के इच्छुक हों, तो यह विकल्प आवेदन पत्र के कालम 8 में लिखें। अन्यथा यह माना जाएगा कि उम्मीदवार लिखित परीक्षा तथा आशुलिपि की परीक्षा अंग्रेजी में देंगे।

एक बार का विकल्प अंतिम समझा जाएगा, और उक्त कालम में कोई परिवर्तन करने का अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा।

टिप्पणी 2 :—जो उम्मीदवार उपर्युक्त पैरा 3 के अनुसार विदेशों में स्थित भारतीय मिशनों में परीक्षा देना चाहते हैं, और सामान्य ज्ञान के प्रश्न पत्र (ii) का उत्तर तथा आशुलिपि की परीक्षाओं में हिंदी में लिखना चाहते हैं, उन्हें अपने निजी व्यय पर आशुलिपि की परीक्षाएं विदेश में किसी भारतीय मिशन में, जहां ऐसी परीक्षाएं लेने के आवश्यक प्रबंध हों, परीक्षा देनी पड़ सकती है।

4. लिखित परीक्षा का अंग्रेजी प्रश्न पत्र (i) का उत्तर सभी उम्मीदवारों द्वारा अंग्रेजी में देना अनिवार्य है।

5. जो उम्मीदवार 120 शब्द प्रति मिनट वाले डिक्टेशन में न्यूनतम योग्यता प्राप्त कर लेंगे उन्हें 100 शब्द प्रति मिनट वाले डिक्टेशन में वही स्तर प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों से क्रम में ऊंचा रखा जाएगा। प्रत्येक वर्ग में उम्मीदवारों को प्रत्येक उम्मीदवार को दिए कुल अंकों के अनुसार, पारस्परिक प्रवरता अनुक्रम में रखा जाएगा (निम्नलिखित अनुसूची का भाग ख को देखें)।

6. उम्मीदवारों को सभी उत्तर अपने हाथ लिखने होंगे। किसी भी हालत में उन्हें उत्तर लिखने के लिए अन्य व्यक्ति की सहायता लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

7. आयोग अपने विवेकानुसार परीक्षा के किसी एक या सभी विषयों के अर्हक (क्वालीफाइंग) अंक निर्धारित करेगा।

8. केवल उन्हीं उम्मीदवारों को आशुलिपि परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा जो आयोग द्वारा अपने विवेकानुसार नियत किए गए न्यूनतम अर्हक अंक प्राप्त कर लेंगे।

9. केवल सतही ज्ञान के लिए कोई अंक नहीं दिए जाएंगे।

10. अस्पष्ट लिखावट के कारण, लिखित विषयों के अधिकतम अंकों के 5 प्रतिशत तक काट दिए जाएंगे।

11. परीक्षा के सभी विषयों में इस बात का विशेष लिहाज रखा जाएगा कि भाषाभिव्यक्ति आवश्यकतानुसार कम से कम शब्दों में, क्रमबद्ध तथा प्रभावपूर्ण ढंग से और ठीक ठीक की गई है।

अनुसूची

भाग—क

परीक्षा का स्तर और पाठ्य विवरण

टिप्पणी : भाग "क" के प्रश्न-पत्रों का स्तर लगभग वही होगा जो किसी भारतीय विश्वविद्यालय की मैट्रिकुलेशन परीक्षा का होता है।

अंग्रेजी : यह प्रश्न-पत्र इस ढंग से तैयार किया जाएगा, कि इस से उम्मीदवारों के अंग्रेजी-व्याकरण और निबन्ध रचना के ज्ञान की तथा अंग्रेजी भाषा को समझने और शुद्ध अंग्रेजी लिखने की उनकी योग्यता की जांच हो जाए। अंक देते समय वाक्य-विन्यास/सामान्य अभिव्यक्ति और भाषा-कौशल को ध्यान में रखा जाएगा। इस प्रश्न-पत्र में निबन्ध-लेखन, सार-लेखन मसौदा-लेखन, शब्दों का शुद्ध प्रयोग, आसान मुहावरों और अव्यय (प्रीपोजीशन), डायरेक्ट और इनडायरेक्ट स्पीच आदि शामिल किए जा सकते हैं।

सामान्य ज्ञान : निम्नलिखित विषयों की थोड़ी बहुत जानकारी :—भारत का संविधान, पंचवर्षीय योजनाएं, भारतीय इतिहास और संस्कृति, भारत का सामान्य और आर्थिक भूगोल, सामायिक घटनाएं, सामान्य विज्ञान तथा दिन प्रतिदिन नजर आने वाली ऐसी बातें जिनकी जानकारी पढ़े लिखे व्यक्ति को होनी चाहिए। उम्मीदवारों के उत्तरों से यह प्रकट होना चाहिए कि उन्होंने प्रश्नों को अच्छी तरह समझा है। उनके उत्तरों में किसी पाठ्य पुस्तक के ब्यौरवार ज्ञान की अपेक्षा नहीं की जाती।

भाग-ख

आशुलिपि परिक्षाओं की योजना

अंग्रेजी में आशुलिपि की परीक्षाओं में दो डिक्टेशन परीक्षाएं होंगी—एक 120 शब्द प्रति मिनट की गति से सात मिनट के लिए और दूसरी 100 शब्द प्रति मिनट की गति से दस मिनट के लिए जो उम्मीदवारों को क्रमशः 45 तथा 50 मिनटों में लिप्यंतर करने होंगे।

हिन्दी में आशुलिपि की परीक्षाओं में दो डिक्टेशन परीक्षाएं होंगी—एक 120 शब्द प्रति मिनट की गति से सात मिनट के लिए दूसरी 100 शब्द प्रति मिनट की गति से दस मिनट के लिए जो उम्मीदवारों को क्रमशः 60 तथा 65 मिनटों में निष्पंतर करने होंगे।

परिशिष्ट-II

उन सेवाओं/पदों से सम्बन्धित संक्षिप्त विवरण जिनके लिए इस परीक्षा द्वारा भर्ती की जा रही है।

क- केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक (स्टेनोग्राफर) सेवा

केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा में इस समय निम्नलिखित चार ग्रेड हैं :—

चयन ग्रेड : रु० 350-25-500-30-590-द० रो०-30-800-द० रो०-30-830-35-900 (ग्रेड-I से पदोन्नत होने वाले व्यक्तियों को न्यूनतम रु० 500 का वेतन दिया जाता है)।

ग्रेड-I रु० 350-25-650-द० रो०-30-770-(ग्रेड-II से पदोन्नत होने वाले व्यक्तियों को न्यूनतम रु० 400 का प्रारम्भिक वेतन दिया जाता है)।

ग्रेड-II रु० 210-10-270-15-300-द० रो०-15-450 द० रो०-20-530

ग्रेड-III रु० 130-5-160-8-200-द० रो०-8-256-द० रो०-8-280

(2) उक्त सेवा के ग्रेड-II में नियुक्त व्यक्ति 2 वर्ष तक परीवीक्षाधीन रहेंगे। इस अवधि के दौरान उन्हें सरकार द्वारा निर्धारित प्रशिक्षण प्राप्त करने पड़ सकते हैं और परीक्षाएं देनी पड़ सकती हैं।

(3) परीवीक्षा की अवधि पूरी होने पर सरकार संबंधित व्यक्ति की उसके पद पर पुष्टि कर सकती है या यदि उसका कार्य अथवा आचरण सरकार की राय में असन्तोषजनक रहा तो उसे सेवा से निकाला जा सकता है या सरकार उसकी परीवीक्षा अवधि जितनी और बढ़ाना उचित समझे बढ़ा सकती है।

(4) सेवा के ग्रेड-II में भर्ती किए गए व्यक्तियों को केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा योजना में भाग लेने वाले मंत्रालयों या कार्यालयों में से किसी एक में नियुक्त कर दिया जाएगा। किन्तु उनकी किसी भी समय किसी भी ऐसे अन्य मंत्रालय या कार्यालय में बदली हो सकती है।

(5) सेवा के ग्रेड-II में भर्ती किए गए व्यक्ति इस सम्बन्ध में समय-समय पर लागू नियमों के अनुसार अगले उच्चतर ग्रेड में पदोन्नत किए जाने के पात्र होंगे।

(6) जिन लोगों की नियुक्ति सेवा के ग्रेड-II में उनकी अपनी इच्छा के अनुसार की जाएगी, वे उस नियुक्ति के पश्चात् भारतीय विदेश सेवा (ख) के काडर में अथवा रेलवे बोर्ड सचिवालय सेवा योजना में शामिल किसी पद पर स्थानान्तरण या नियुक्ति का दावा न कर सकेंगे।

ख- रेलवे बोर्ड सचिवालय आशुलिपिक सेवा

(क) (1) इस समय रेलवे बोर्ड सचिवालय आशुलिपिक सेवा में निम्नलिखित चार ग्रेड हैं :—

चयन ग्रेड : रु० 350-25-500-30-590-द० रो०-30-800 द० रो०-30-830-35-900 (ग्रेड-I से पदोन्नत व्यक्तियों का वेतन इस वेतनमान में न्यूनतम रु० 500 पर निर्धारित कर दिया जाएगा।

ग्रेड-I : रु० 350-25-650-द० रो०-30-770 रु० (ग्रेड-II से पदोन्नत व्यक्ति का वेतन इस वेतनमान में न्यूनतम 400 रु० पर निर्धारित कर दिया जाएगा)।

ग्रेड-II रु० 210-10-270-15-300-द० रो०-15-450 द० रो०-20-530

ग्रेड-III रु० 130-5-160-8-200-द० रो० 8-256-द० रो०-8-280

(II) इस सेवा के ग्रेड-II में भर्ती किए गए व्यक्ति दो वर्ष तक परिवीक्षाधीन रहेंगे। इस अवधि के दौरान उन्हें सरकार द्वारा निर्धारित और परीक्षाएं देनी पड़ सकती हैं। परिवीक्षा की अवधि पूरी होने पर यदि उनमें से किसी का कार्य या आचरण सरकार की राय में असंतोषजनक रहा हो तो उसे सेवा से निकाला जा सकता है या सरकार उसकी परिवीक्षा अवधि जितनी और बढ़ाना उचित समझे बढ़ा सकती है।

(ख) रेलवे बोर्ड सचिवालय आशुलिपिक सेवा रेलवे मंत्रालय तक ही सीमित है और केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा के कर्मचारियों के समान अन्य मंत्रालयों में इस मंत्रालय के कर्मचारियों का तबादला नहीं होता।

(ग) इन नियमों के अधीन भर्ती किए गए रेलवे बोर्ड आशुलिपिक सेवा के अधिकारी :—

(i) पेंशन सम्बन्धी लाभों के भागी होंगे, और

(ii) गैर अंशदायी राज्य रेलवे बोर्ड भविष्य निधि में उस निधि के उन नियमों के अधीन जो सेवा में शामिल होने की तिथि से रेलवे कर्मचारियों पर लागू होते हैं, अंशदान देंगे।

(घ) रेलवे बोर्ड सचिवालय आशुलिपिक सेवा में नियुक्त किए गए उम्मीदवार समय-समय पर रेलवे बोर्ड द्वारा जारी किए गए आदेशों के अनुसार रेलवे पास और विशेषाधिकार टिकट आदेशों के पात्र होंगे।

(ङ) जहां तक छुट्टियों और सेवा की अन्य शर्तों का संबंध है रेलवे बोर्ड सचिवालय आशुलिपिक सेवा में सम्मिलित कर्मचारियों को रेलवे के अन्य कर्मचारियों के समान ही समझा जाता है। परन्तु चिकित्सा सम्बन्धी सुविधाओं के लिए उन पर वे नियम लागू होंगे जो उन अन्य केन्द्रीय सरकारी कर्मचारियों पर लागू होते हैं जिनका मुख्यालय नई दल्ली में है।

भारतीय विदेश सेवा (ख)-आशुलिपिकों के उप-संवर्ग के ग्रेड-II का वेतनमान 210-10-270-15-300-द० रो०-15 450-द० रो०-20-530 रु० है। भारतीय विदेश सेवा (शाखा-ख) आशुलिपिकों के उप-संवर्ग के ग्रेड II में नियुक्त

अधिकारी, भारतीय विदेश सेवा शाखा-ख (आर० सी० एस०पी०) नियमावली 1964, भारतीय विदेश सेवा (पी० एल०सी०एं०) नियमावली, 1961, जो भारतीय विदेश सेवा "ख" के अधिकारियों पर लागू की गई है, तथा वे नियम और आदेश जो भारत सरकार द्वारा उन पर लागू किए जाएं, द्वारा शासित होंगे ।

भारतीय विदेश सेवा शाखा (ख) विदेश मंत्रालय और विदेशों में भारतीय मिशनों तक ही सीमित है । इस सेवा में नियुक्त अधिकारी विशेष व्यापार एवं पूर्ति मंत्रालय (विदेश व्यापार विभाग) को छोड़कर समान्यता अन्य मंत्रालयों में स्थानान्तरण नही किए जा सकेंगे। परन्तु वे विदेशों में अन्य मंत्रालयों के पदों में निर्मित पदों पर तथा अन्तर्राष्ट्रीय आयोगों आदि में भी नियुक्त किए जा सकते हैं। वे भारत में तथा भारत के बाहर कही भी, उन स्थानों सहित जहां परिवार का कोई भी सदस्य साथ नही रखना होता, सेवा पर भेजे जा सकते है ।

भारतीय विदेश सेवा (ख) के अधिकारियों को, विदेशों में, उनके मूल वेतन के अतिरिक्त उस दर से विशेष भत्ता दिया जाएगा, जो सम्बद्ध देशों के निर्वाह खर्च आदि के आधार पर समय-समय पर स्वीकार किया जाए। इसके अतिरिक्त, भारतीय विदेश सेवा (ख) के अधिकारियों के लिए लागू भारतीय विदेश सेवा (पी० एल०सी०एं०) नियमावली, 1961 के अनुसार विदेश सेवा अवधि में निम्नलिखित रियायतें भी स्वीकार होंगी :—

(i) सरकार निर्धारित वेतनमान के अनुसार निःशुल्क सुसज्जित आवास।

(ii) चिकित्सा परिचर्या योजना सहायता के अन्तर्गत चिकित्सा परिचार्या सुविधाएं।

(iii) कतिपय शर्तों के अधीन छुट्टी की लम्बी अवधि में भारत में शिक्षा प्राप्त कर रहे 8 से 21 वर्ष तक की आयु के बच्चों का वायुमार्ग द्वारा वार्षिक वापसी यात्रा व्यय।

(iv) सरकार द्वारा समय-समय पर निर्धारित दर से 5 से 18 वर्ष के अधिकतम दो बच्चों का शिक्षा भत्ता।

(v) विहित नियमों और समय-समय पर सरकार द्वारा निश्चित दरों के अनुसार विदेशों में सेवा करने के संबंध में सज्जाकरण भत्ता । साधारण सज्जाकरण भत्ते के अतिरिक्त असाधारण ठंडी जलवायु वाले देशों में नियुक्त अधिकारियों को विशिष्ट सज्जाकरण भत्ता स्वीकार्य होगा।

(vi) विहित नियमों के अनुसार अधिकारियों और उनके परिवारों को घर जाने की छुट्टी का यात्रा किराया।

संशोधित छुट्टी नियमावली, 1933, जो समय-समय पर संशोधित भी गई है, कतिपय आशोधनों के अधीन इस सेवा के सदस्यों पर लागू होगी। ये अधिकारी कुछ पड़ौसी देशों को छोड़कर विदेश सेवा में संशोधित छुट्टी नियमावली के अधीन स्वीकार्य छुट्टियों के 50 प्रतिशत तक अतिरिक्त छुट्टी जमा कर सकेंगे। उक्त अधिकारी, जब भारत में होंगे, तो ऐसी रियायतों के हकदार होंगे, जो बराबर तथा एक समान स्तर के अन्य केन्द्रीय सरकारी कर्मचारियों के लिए स्वीकार्य हों।

भारतीय विदेश सेवा (ख) के अधिकारी सामान्य भविष्य निधि (केन्द्रीय सेवाएं) नियमावली, 1960 जिसे समय-समय पर संशोधित किया गया है, तथा उसके अन्तर्गत जारी किए गए आदेशों के द्वारा शासित होंगे।

इस सेवा में नियुक्त अधिकारी उदात्त पेंशन नियमावली, 1950 जिसे समय-समय पर संशोधित किया गया है, और इसके अन्तर्गत जारी किए गए आदेशों द्वारा शासित होंगे।

टिप्पणी :—भारतीय विदेश सेवा (ख) के आशुलिपिकों का उपसंवर्ग पुनर्गठित किया जा रहा है।

घ- सशस्त्र सेना मुख्यालय अशुलिपिक सेवा

सशस्त्र सेना मुख्यालय आशुलिपिक सेवा में इस समय निम्नलिखित तीन ग्रेड हैं :—

1. **आशुलिपिक ग्रेट I (निजी सचिव)**

श्रेणी II-राजपत्रित (चयन ग्रेड)

वेतनमान रु० 350-25-500-30-590-द० रो-30-800 ग्रेड I से पदोन्नत व्यक्तियों का वेतन इस वेतनमान में 500 रू० पर निर्धारित किया जाएगा।

2. **आशुलिपिक ग्रेड-II (वरिष्ठ व्यक्तिक सहायक)**

श्रेणी II राजपत्रित

वेतनमान : रु० 350-25-650-द० रो०-30-740 ग्रेड II से पदोन्नत व्यक्तियों का वेतन इस वेतनमान में रु० 400 पर निर्धारित किया जाएगा।

3. **आशुलिपिक ग्रेड-II (व्यक्तिक सहायक)**

श्रेणी II-अराजपत्रित

वेतनमान : रु० 210-10-270-15-300-द० रो०-15-450-द० रो०-20-530।

2. ग्रेड अस्थायी आशुलिपिक ग्रेड II (वैयक्तिक सहायक) के रूप में सीधे भर्ती किए गए व्यक्ति 2 वर्ष तक पवीक्षाधीन रहेंगे। इस अवधि में असंतोषजनक सेवा अभिलेख रहा तो परिवीक्षाधीन व्यक्ति सेवा से निकाला जा सकता है। परिवीक्षा काल में उन्हें समय-समय पर सरकार द्वारा निर्धारित प्रशिक्षण प्राप्त करने पड़ सकते हैं और परीक्षाएं देनी पड़ सकती हैं।

3. सशस्त्र सेना मुख्यालय आशुलिपिक सेवा में भर्ती किया गया ग्रेड-II का आशुलिपिकि सामान्यतः सशस्त्र सेना मुख्यालय और दिल्ली/नई दिल्ली स्थित अन्तर सेवा संगठन के किसी कार्यालय में नियुक्त किया जाएगा । वह दिल्ली/नई दिल्ली के बाहर ऐसे अन्य स्थानों पर भी नियुक्त किया जा सकेगा जहां सशस्त्र सेना मुख्यालय/अन्तर सेवा संगठन के कार्यालय स्थित हों।

4. ग्रेड-II के आशुलिपिक ग्रेड I (वरिष्ठ वैयक्तिक सहायक) लिपिकों के पदों पर पदोन्नति के लिए पात्र होंगे और ग्रेड I के आशुलिपिक (वरिष्ठ वैयक्तिक सहायक) समय-समय पर लागू किए गए नियमों के अनुसार ग्रेड के आशुलिपिक (निजी सचिव) के रूप में पदोन्नति के पात्र होंगे।

5. छुट्टी, चिकित्सा सहायता और सेवा की अन्य शर्तें वही हैं जो सशस्त्र सेना मुख्यालय और अन्तर सेवा संगठन में नियुक्त अन्य लिपिकवर्गीय कर्मचारियों के लिए लागू हैं।

ङ०—भारतीय केन्द्रीय सतर्कता आयोग

केन्द्रीय सतर्कता आयोग में आशुलिपिकों के पदों का वेतनमान केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा के आशुलिपिकों के वेतन-मान के समान अर्थात् रु० 210-10-270-15-300-द० रो०-15-450-द० रो०-20-530 है, परन्तु ये पद उस सेवा में सम्मिलित नहीं हैं।

गृह मंत्रालय

नई दिल्ली-1, दिनांक 22 जुलाई 1972

सं० 3/28/69-जी० पी० (1)—राष्ट्रपति, दादर और नगर हवेली के संघ शासित क्षेत्र के लिए गृह मंत्री से संबद्ध एक सलाहकार समिति सहर्ष स्थापित करते हैं ।

2. सलाहकार समिति में निम्नलिखित होंगे:—

(i) प्रशासक, दादर और नगर हवेली ।

(ii) दादर और नगर हवेली के संघ शासित क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाला संसद् सदस्य ।

(iii) वरिष्ठ पंचायत का अध्यक्ष ।

(iv) तीन गैर-सरकारी सदस्य ।

3. सलाहकार समिति से निम्नलिखित बातों में सलाह ली जायेगी :—

(i) राज्य क्षेत्र में संघ शासित क्षेत्र के प्रशासन से संबंधित नीति के सामान्य मामले ।

(ii) राज्य सूची में समाविष्ट मामलों में इस संघ शासित क्षेत्र से संबंधित सभी विधायी मामले ;

(iii) संघ के वार्षिक वित्त विवरण से संबंधित ऐसे मामले, जिनका संबंध इस संघ शासित क्षेत्र से है और ऐसे अन्य वित्तीय मामले, जो राष्ट्रपति द्वारा इस समिति को भेजे जायें, और

(iv) ऐसा अन्य कोई मामला, जिसमें गृह मंत्री यह वांछनीय या आवश्यक समझें, कि सलाहकार समिति से, परामर्श कर लेना चाहिए ।

4. कोई सूचना देने या किसी मामले पर चर्चा करने की अनुमति देने से इनकार करने के लिए गृह मंत्री के विवेकाधिकार की शर्त पर, सलाहकार समिति के सदस्यों को स्थिति का स्पष्टीकरण मांगने और प्रश्न पूछने आदि के सम्बन्ध में वैसे ही अधिकार प्राप्त होंगे जो राज्य विधान मण्डल के सदस्यों को प्राप्त हैं ।

5. सलाहकार समिति के गैर-सरकारी सदस्य हर साल नामित किए जाएंगे ।

6. सलाहकार समिति की बैठक छः महीने की अवधि में कम से कम एक बार अवश्य होगी ।

7. सलाहकार समिति की बैठकों की अध्यक्षता गृह मंत्री करेंगे ।

8. सलाहकार समिति की बैठकों पर वे कार्य विधि नियम लागू होंगे जो सलाहकार समिति के परामर्श से गृह मंत्री द्वारा तैयार किये जायें ।

9. सलाहकार समिति की सदस्यता मानार्थ होगी और उसके लिए कोई वेतन या पारिश्रमिक नहीं दिया जायेगा ।

सं० 3/28/69-जी०पी०-(ii) —गृह मंत्रालय की तारीख 22 जुलाई, 1972 की अधिसूचना सं० 3/28/69-जी० पी०-1 (i) के पैरा 2(iv) के अनुसरण में, राष्ट्रपति दादर और नागर हवेली के संघ शासित क्षेत्र के लिए गृह मंत्री के साथ संबद्ध सलाहकार समिति में निम्नलिखित गैर-सरकारी सदस्यों को 31 मार्च, 1973 तक की अवधि के लिए सहर्ष नामित करते हैं :—

1. श्री जयंतीभाई नारानभाई देसाई,
2. श्री देवजी भाई राजू भाई गोंड
3. श्रीमती जम्नीबेन रामजीभाई वर्था

सुरेश चन्द्र वैश्य, उप सचिव

औद्योगिक विकास मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 14 जुलाई 1972

संकल्प

सं० एस० एस० आई० (1)-17(3)/72—भारत सरकार लघु उद्योग बोर्ड को निम्न प्रकार पुनर्गठित करती है :—

अध्यक्ष

औद्योगिक विकास मंत्री,
भारत सरकार ।

उपाध्यक्ष

औद्योगिक विकास मंत्रालय में लघु उद्योगों के प्रभारी उपमंत्री ।

सदस्य

1. लघु उद्योगों के प्रभारी मंत्री,
आन्ध्र प्रदेश सरकार ।
हैदराबाद (आंध्र प्रदेश) ।
2. मुख्यायुक्त,
अण्डमान और निकोबार द्वीप समूह,
पोर्ट ब्लेअर ।
3. लघु उद्योगों के प्रभारी मंत्री,
अरुणाचल प्रदेश सरकार,
ज़िरो ।
4. लघु उद्योगों के प्रभारी मंत्री,
आसाम सरकार,
शिलांग ।
5. लघु उद्योगों के प्रभारी मंत्री,
बिहार सरकार,
पटना ।
6. मुख्यायुक्त,
चण्डीगढ़ प्रशासन,
चण्डीगढ़ ।

7. मुख्य कार्यकारी पार्षद,
दिल्ली प्रशासन ,
दिल्ली ।

8. लघु उद्योगों के प्रभारी मंत्री ,
गोवा, दमन और द्वीव सरकार ,
पणजी ।

9. लघु उद्योगों के प्रभारी मंत्री ,
गुजरात सरकार,
अहमदाबाद ।

10. लघु उद्योगों के प्रभारी मंत्री,
हरियाणा सरकार ,
चण्डीगढ़ ।

11. लघु उद्योगों के प्रभारी मंत्री,
हिमाचल प्रदेश सरकार ,
शिमला ।

12. लघु उद्योगों के प्रभारी मंत्री,
जम्मू तथा काश्मीर सरकार,
श्रीनगर ।

13. लघु उद्योगों के प्रभारी मंत्री ,
केरल सरकार ,
त्रिवेन्द्रम् ।

14. मुख्यायुक्त,
लकादीव तथा मिनिकाय द्वीपसमूह,
काकरावी ।

15. लघु उद्योगों के प्रभारी मंत्री,
मध्य प्रदेश सरकार,
भोपाल ।

16. लघु उद्योगों के प्रभारी मंत्री ,
मेघालय सरकार,
शिलांग ।

17. लघु उद्योगों के प्रभारी मंत्री,
महाराष्ट्र सरकार,
बम्बई ।

18. लघु उद्योगों के प्रभारी मंत्री,
मिजोरम सरकार,
ऐंजल ।

19. लघु उद्योगों के प्रभारी मंत्री,
मणिपुर सरकार ,
इम्फाल ।

20. लघु उद्योगों के प्रभारी मंत्री,
मैसूर सरकार,
बंगलौर ।

21. लघु उद्योगों के प्रभारी मंत्री,
नागालैंड सरकार ,
कोहिमा ।

22. लघु उद्योगों के प्रभारी मंत्री,
उड़ीसा सरकार,
भुवनेश्वर ।

23. लघु उद्योगों के प्रभारी मंत्री ,
पाण्डिचेरी प्रशासन ,
पांडिचेरी ।

24. लघु उद्योगों के प्रभारी मंत्री,
पंजाब सरकार ,
चण्डीगढ़ ।

25. लघु उद्योगों के प्रभारी मंत्री,
राजस्थान सरकार,
जयपुर ।

26. लघु उद्योगों के प्रभारी मंत्री,
तामिलनाडु सरकार,
मद्रास ।

27. लघु उद्योगों के प्रभारी मंत्री,
त्रिपुरा सरकार,
अगरतला ।

28. लघु उद्योगों के प्रभारी मंत्री,
उत्तर प्रदेश सरकार,
लखनऊ ।

29. लघु उद्योगों के प्रभारी मंत्री,
पश्चिमी बंगाल सरकार,
कलकत्ता ।

30. सदस्य (उद्योग),
योजना आयोग,
योजना भवन,
नई दिल्ली ।

31 से 36 छः संसद् सदस्य,
(नाम अलग से अधिसूचित किये जायेंगे)

37. सचिव,
औद्योगिक विकास मंत्रालय,
नई दिल्ली ।

38. लघु उद्योगों के प्रभारी
अपर सचिव/संयुक्त सचिव,
भारत सरकार ।

39. विकास आयुक्त लघु उद्योग,
नई दिल्ली ।

40. अध्यक्ष ,
राष्ट्रीय लघु उद्योग विकास निगम लिमिटेड,
नई दिल्ली ।

41. चेयर मैन,
स्टेट बैंक आफ इण्डिया,
केन्द्रीय कार्यालय,
बंबई ।

42. डिप्टी गवर्नर,
रिजर्व बैंक आफ इण्डिया,
केन्द्रीय कार्यालय,
बंबई ।

43. कस्टोडियन,
सिंडीकेट बैंक,
मनिपाल (मैसूर राज्य) ।

44. कस्टोडियन,
सैन्ट्रल बैंक आफ इण्डिया,
महात्मा गांधी, रोड,
फोर्ट,
बम्बई-5 ।

45. कस्टोडियन ,
युनाइटेड कमर्शियल बैंक,
10, क्रेबोर्न रोड,
कलकत्ता-1,

46. कस्टोडियन,
देना बैंक,
17-नरीयन सर्किल,
बम्बई-1.

47. श्री ए० आर० भट्ट,
1218, सदाशिव पेठ,
पूना-30.

48. डा० एस० के० गोयल,
इण्डियन इंस्टीट्यूट आफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन,
दिल्ली ।

49. प्रो० एम० एल० दांतवाला,
निदेशक एवं प्रोफेसर,
कृषि अर्थशास्त्र,
बंबई विश्वविद्यालय,
बंबई-32.

50. श्री जगमोहन सिंह कोचर,
चेयर मैन,
इण्डियन ड्रग्स मैन्युफैक्चरिंस एसोशियशन,
द्वारा जगसनपाल एण्ड कम्पनी,
भगीरथ पैलेस,
दिल्ली-6

51. श्री चक्रधारी अग्रवाल,
महासचिव,
नेशनल एलायेंस फार यंग एंटरप्रेन्योर्स,
सी-20/बी,
ग्रीन पार्क एक्सटेंसन,
नई दिल्ली-16.

52. श्री मोहन सिंह,
स्माल स्केल इण्डस्ट्रीज एस्टेट,
विशाखापत्तनम्,
(आंध्र प्रदेश) ।

53. श्री बालमुकुन्द सिंह,
मगध रिरोलिंग, मिल,
नवादा, जिला-गया,
(बिहार) ।

54. श्री पी. बी० अडवानी,
ओसियाना, मैरीन ड्राइव ,
बम्बई ।

55. श्री केशव महिन्द्रा,
द्वारा मै० महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा लिमिटेड,
बम्बई ।

56. डा० एस० एम० पाटिल,
चेयरमैन
हिन्दुस्तान मशीन टूल्स,
बंगलौर-31.

57. श्री एम० एस० पार्थसारथी,
अध्यक्ष, फेडरेशन आफ एसोसियेशन आफ स्माल इण्डस्ट्रीज
आफ इण्डिया,
23-बी०/2,
रोहतक रोड,
नई दिल्ली-5.

58. अध्यक्ष,
अखिल भारतीय निर्माता संघ,
जीवन सहकार,
सर पी० एम० मैहता रोड,
बंबई-1.

59. श्री जी० एल० बंसल,
महा-सचिव,
फैडरेशन आफ इण्डियन चेम्बर्स आफ कामर्स एण्ड इण्डस्ट्री,
बाजार मार्ग,
दिल्ली-1.

60. श्री एम० बोहरा,
207 , काम्बाला क्रेस्ट,
42, पोद्दार रोड,
बबई-26

61. श्री ए० एन० श्रीनिवास राव,
ड्राइवेलम इण्डस्ट्रीज (प्रा०) लिमिटेड,
ए-5/6, इण्डस्ट्रियल एस्टेट,
मद्रास-32.

62. श्री एच० एस० भाटी,
अध्यक्ष,
इलैक्ट्रोनिक्स पार्टस एण्ड कम्पोनेन्ट,
मैन्युफैक्चरर्स एसोशिएशन,
1-सी०, नाज बिल्डिंग,
सैमिगट्न रोड,
बंबई-4.

63. श्री ओ० एन० शर्मा,
मे० एम० सी० इंजीनियरिंग कम्पनी,
ओखला इण्डस्ट्रियल एस्टेट,
नई दिल्ली-20.

64. अध्यक्ष,
स्माल स्केल इण्डस्ट्रीज एसोसिऐशन,
कवेंट स्ट्रीट,
विजयवाड़ा (आन्ध्र प्रदेश) ।

65. अध्यक्ष,
राची लघु उद्योग संघ,
द्वारा राधा रमण प्रेस,
मैन रोड,
रांची (बिहार) ।

66. अध्यक्ष,
जम्मू लघु उद्योग संघ,
द्वारादिम्बर प्राइवेट लिमिटेड,
अखनूर रोड,
जम्मू-1.

67. अध्यक्ष,
केरल लघु उद्योग संघ,
17/83, बनर्जी रोड,
एर्णाकुलम-8 (केरल) ।

68. अध्यक्ष,
जयपुर औद्योगिक बस्ती संघ,
जयपुर (राजस्थान) ।

69. अध्यक्ष,
मध्यप्रदेश लघु उद्योग संघ,
33-मालवीय नगर,
भोपाल ।

70. अध्यक्ष,
नागालैंड लघु उद्योग संघ,
कोहिमा ।

71. अध्यक्ष,
उड़ीसा लघु उद्योग संघ,
पो० आ० चौलियागंज,
कटक-3.

72. अध्यक्ष ,
उ० प्र०, औद्योगिक बस्ती निर्माता संघ,
17-औद्योगिक बस्ती,
कानपुर ।

73. अध्यक्ष,
औद्योगिक बस्ती निर्माता संघ, गिंडी,
मद्रास-32.

74. अध्यक्ष,
औद्योगिक बस्ती संघ,
लुधियाना (पंजाब)।

75. अध्यक्ष,
औद्योगिक बस्ती संघ,
औखला,
नई दिल्ली-20.

76. अध्यक्ष,
गोहाटी औद्योगिक बस्ती लघु निर्माता संघ,
पो० आ० बामुनीमैदान,
गौहाटी (आसाम) ।

77. श्री अब्दुलबारी सरकार,
एडवोकेट,
पो० आ० धुर्बी,
आसाम ।

78. प्रो० धनन्जय कुमार सिंह,
मोहल्ला कमरूद्दीन गंज,
पो० आ० बिहारशरीफ,
जिला पटना (बिहार) ।

79. श्री पी० एन० राजभोज,
भारत दलित सेवक संघ,
207-घोरपाड़े पेठ,
पूना-2.

80. डा० जे० डी० वर्मा,
निदेशक, सदस्य सचिव,
विकास आयुक्त,
लघु उद्योग का कार्यालय,
निर्माण भवन,
नई दिल्ली-11.

(2) पुनर्गठित बोर्ड के कार्य लघु उद्योगों के विकास से संबंधित नीति संबंधी सभी मामलों में सरकार को सलाह देना होगा ।

(3) बोर्ड को विशिष्ट प्रयोजनों के लिए समितियां नियुक्त करने के अधिकार होंगे जब भी आवश्यकता हो, बोर्ड की बैठकों में व्यक्तियों को आमंत्रित करने का अधिकार भी बोर्ड को होगा।

(4) लघु उद्योग बोर्ड का कार्यकाल 18 मई, 1972 से दो वर्ष का होगा ।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की एक-एक प्रति सभी संबंधित व्यक्तियों को भेजी जाये ।

यह भी आदेश दिया गया है कि सर्व साधारण की जानकारी के लिये संकल्प को भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाये ।

(आबिद हुसैन), संयुक्त सचिव, भारत सरकार ।

नई दिल्ली-, दिनांक 21 जुलाई, 1972

संकल्प

सं० 2(2)/67/ई० आई० (एम०)/ई० ई० आई०:—इस मंत्रालय के 7 दिसम्बर 1971 के संमसंख्यक संकल्प के क्रम में केंद्रीय सरकार एतद्द्वारा भारतीय मानक संस्था, नई दिल्ली में संरचना तथा धातु विभाग के प्रधान विभाग के प्रधान (हेड) श्री आर० के० श्रीवास्तव को 6 दिसम्बर, 1973 तक इस्पात की ढली हुई वस्तु

